प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-28.03.2025

थाना छावनी पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में 02 अंतर्जनपदीय गोवंश तस्करों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद पिकअप मय 05 अदद गोवंश, दो अदद तमंचा, दो अदद ज़िंदा व एक अदद खोखा कारतूस किया गया बरामद-

थाना छावनी व स्वाट टीम बस्ती द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शांति/ क़ानून व्यवस्था के दृष्टिगत दिनांक- 28.03.2025 को किए जा रहे रात्रि गश्त के दौरान संयुक्त जवाबी कार्यवाही/ पुलिस मुठभेड़ के दौरान पिकअप में गोवंश लादकर तस्करी करने जा रहे दो अंतर्जनपदीय गोवंश तस्करों/ अभियुक्तों यथा क्रमशः1. मासूम रजा पुत्र अब्दुल कलाम जिसके बायें पैर में गोली लगी है, 2. वसीम पुत्र इसरार जिसके बायें पैर में गोली लगी है, जिनको थाना छावनी अन्तर्गत साहिन्दापुर बगीचे के पास से समय 3.15 बजे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1. एक अदद पिकअप मय 05 अदद गोवंश, 2. दो अदद तमंचा, 3. दो अदद ज़िंदा व एक अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया, घायल दोनों अभियुक्तों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में दवा- इलाज चल रहा है।
गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना छावनी पर मु0अ0सं0 85/2025 धारा- 109(1) B.N.S, 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम, 11 पशु क्रुरता अधिनियम तथा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. मासूम रजा पुत्र अब्दुल कलाम निवासी लाला गुरवलिया का शेख टोला थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर (उ0प्र0)।
2. वसीम पुत्र इसरार निवासी अल्लाहपुर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर(उ0प्र0) |

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद पिकअप वाहन सं0 UP 51 BT 8605 |
2. चार अदद पिकअप में लदे गोवंश |
3. एक अदद नीचे बंधा हुआ गोवंश |

4. दोनों अभियुक्त के पास से 1-1 अदद तमंचा 315 बोर व 1 अदद खोखा कारतूस और 02 अदद जिन्दा कारतूस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. थानाध्यक्ष छावनी भानु प्रताप सिंह, जनपद बस्ती।
2. प्रभारी स्वाट टीम उ०नि०संतोष कुमार जनपद बस्ती।
3. उ०नि० झारखंडे पांडेय, उ०नि० हौशिला प्रसाद, उ0नि0 अनिरुद्ध यादव थाना छावनी जनपद बस्ती।
4. हे0का0 राघवेंद्र दुबे, हे0का0 जितेन्द्र मौर्या, का0 चन्द्रकेश प्रजापति, का0 मुकेश यादव, का0 लवकुश सिंह थाना छावनी जनपद बस्ती।
5. हे० का० अवनीश सिंह, हे0का0 पवन तिवारी, का०किशन सिंह, का0 अभिलाष प्रताप सिंह, का० शुभेंद्र तिवारी स्वाट टीम जनपद बस्ती।